nt>

13.00 hrs.

Title: Demand to restore the subsidy and reduce the tariff rate for goods (Banana) transportation by the Railways.

श्री वाई. जी. महाजन (जलगांव) : अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी का ध्यान एक अत्यंत महत्वपूर्ण विाय की ओर उठाना चाहता हूं। महाराट्र के जलगांव जिले में केले का सबसे ज्यादा उत्पादन होता है। दिल्ली में सबसे ज्यादा केला इसी जिले से आता है। पिछले साल तक केले के ऊपर माल भाड़े में कोई बढ़ोतरी नहीं की गयी थी लेकिन इस साल माल भाड़े में अधिक वृद्धि होने की वजह से वहां के किसान आंदोलन कर रहे हैं। उन्होंने वहां रेलगाड़ियां रोक दी हैं। कई किसान तो आत्महत्या करने की स्थिति में हैं। पहले 28 हजार 940 रुपये एक डिब्बे के लगते थे जबकि उनकी कीमत दिल्ली की मार्केट में 28 हजार 942 रुपये थी। लेकिन आज उसका मालभाड़ा किराया ही 47 हजार 268 रुपये है। इस कारण किसान केले को यहां नहीं ला पा रहा।

मैं आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से विनती करता हूं कि पिछले साल जो सबसिडी दी गयी थी, वही रहनी चाहिए और माल भाड़े को कम करना चाहिए।